EU प्राइवसी पॉलिसी

यह प्राइवसी पॉलिसी ("नीति") यूरोपीय संघ ("ईयू") और यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र में एविएजन ग्रुप ("एविएजन") की कंपनियों और गतिविधियों पर लागू होती है और यह वर्णन करती है कि एविएजन आपके व्यक्तिगत डेटा को किस प्रकार एकत्र व प्रोसेस करती है। इस नीति को स्वीकार करके आप नीति में वर्णित हमारी निजता कार्यप्रणाली से सहमत होते हैं। वे एविएजन ब्रॉइलर ब्रीडर्स जो आपके डेटा के प्रक्रमण के लिए उत्तरदायी हो सकते हैं, उनके संपर्क विवरण aviagen.com/contact-us/ पर उपलब्ध हैं।

हम क्या जानकारी एकत्र करते हैं, और उसे कैसे एकत्र करते हैं:
एविएजन अपने ग्राहकों और आपूर्तिकर्ताओं के व्यक्तिगत डेटा, तथा जिनके साथ हम व्यवसाय करते हैं उन अन्य व्यक्तियों के कर्मचारियों और ठेकेदारों के व्यक्तिगत डेटा एकत्र करता है। एकत्र किए गए डेटा में मुख्य रूप से संपर्क विवरण (जैसे, नाम, पता, टेलीफोन और ईमेल पता) होता है और इसमें हमारे व्यावसायिक संबंधों से जुड़ी अन्य जानकारी भी हो सकती है। हम यह जानकारी अपनी बिक्री, विपणन और खरीद गतिविधियों के जरिए, एविएजन वेबसाइटों के जरिए, और कार्यक्रमों एवं इकाइयों के दौरों के दौरान व्यक्तिगत रूप से एकत्र करते हैं।

हम जानकारी का उपयोग कैसे करते हैं:
हम हमारे व्यावसायिक संबंधों के सामान्य क्रम में (यानि बिक्री, मार्केटिंग और ख़रीद के लिए), आंतरिक वित्त एवं प्रशासन के लिए, और विधिक अनुपालन के लिए व्यक्तिगत डेटा का प्रक्रमण करते हैं।
हम अपने उत्पादों और सेवाओं में होने वाले महत्वपूर्ण बदलावों के बारे में आपको बताने के लिए, और आपको एविएजन तथा उसकी संबद्ध कंपनियों की अन्य सेवाओं और उत्पादों के बारे में जानकारी देने के लिए भी आपके संपर्क विवरण का उपयोग करते हैं। यदि आप नहीं चाहते कि इस प्रयोजन से आपसे संपर्क किया जाए, तो कृपया info@aviagen.com पर ईमेल भेजें।

हम इस नीति के नियमों के अधीन, व्यक्तिगत डेटा को एविएजन कंपनियों के बीच स्थानांतरित कर सकते हैं। हम व्यक्तिगत डेटा नहीं बेचते हैं।

"कुकीस":
एविएजन की वेबसाइटों का उपयोग किस प्रकार किया जाता है यह समझने के लिए, और हमारी साइटों को और बेहतर बनाने के लिए हम कुकीस (आपके वेब ब्राउजर में भंडारित छोटी फाइलें) का उपयोग करते हैं। कुकीस के बारे में और जानकारी के लिए, जिसमें उन्हें अक्षम करने का तरीका भी शामिल है, कृपया www.cookiecentral.com पर आएँ। कुकीस को अक्षम करने से आपका एविएजन वेबसाइटों का उपयोग प्रभावित हो सकता है।

लिंक:
एविएजन वेबसाइटों में अन्य वेबसाइटों के लिंक हो सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि जब आप इनमें से किसी लिंक पर क्लिक करते हैं तो आप एक अन्य साइट में प्रवेश कर रहे होते हैं। हम पर अन्य साइटों की विषय-

वस्तु की कोई जिम्मेदारी नहीं है, और हम आपको प्रोत्साहित करते हैं कि आप इन लिंक की हुईं साइटों की प्राइवसी पॉलिसी पढ़ें, जो हमारी नीति से अलग हो सकती हैं।

सुरक्षा:
हम व्यक्तिगत डेटा (और अन्य जानकारी) को अनधिकृत प्रकटन, परिवर्तन या विनाश से सुरक्षित रखने के लिए प्रौद्योगिकी संबंधी और संगठन संबंधी उपायों का उपयोग करते हैं। आपका कुछ व्यक्तिगत डेटा हमारे अमेरिकी डेटाकेंद्र में स्थित सुरक्षित सर्वरों में रखा जा सकता है।

संयुक्त राज्य अमेरिका को स्थानांतरण:
हम जो व्यक्तिगत डेटा एकत्र करते हैं उसे एविएजन द्वारा संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित कंप्यूटरों पर भंडारित और प्रक्रमणित किया जा सकता है, जहाँ के निजता कानून आपके निवास वाले देश के कानूनों से अलग हो सकते हैं। अमेरिका को किए जाने वाले डेटा स्थानांतरण यूरोपीय आयोग द्वारा स्वीकृत मानक अनुबंधीय खंडों के आधार पर एविएजन कंपनियों के बीच किए गए करारों के अधीन होते हैं।

डेटा तक पहुँच, उसमें सुधार तथा उसे मिटाना:
आपके पास अपने डेटा तक पहुँचने या उसमें सुधार करने (संपर्क विवरण मे बदलाव करना भी इसमें शामिल है) का अनुरोध करने का अधिकार है, जिसमें अपना डेटा किसी अन्य कंपनी को स्थानांतरित करने का अनुरोध भी शामिल है। आप अपने व्यक्तिगत डेटा को मिटाए जाने का अनुरोध भी कर सकते हैं, हालांकि जब आप हमारे साथ व्यवसाय करना बंद कर दें उसके बाद भी, व्यावसायिक और कानूनी कारणों से आपके कुछ व्यक्तिगत डेटा को अनंतकाल तक अपने पास रखना हमारे लिए आवश्यक हो सकता है। कृपया इनमें से किसी भी कारण से हमसे info@aviagen.com पर या एविएजन वेबसाइट के जरिए संपर्क करें।

इस नीति में किए जाने वाले बदलाव:
समय-समय पर, हम अपने व्यवसाय या कानून में होने वाले बदलावों को प्रतिबिंबित करने के लिए इस नीति में संशोधन कर सकते हैं। यदि हम इस नीति में कोई महत्वपूर्ण बदलाव करते हैं और हमारे पास आपका पता है, तो हम आपको सूचित करेंगे।

आपके अधिकार और संपर्क जानकारी:
यदि आपके पास इस नीति से संबंधित कोई प्रश्न या शिकायत हो, तो कृपया हमसे info@aviagen.com पर या एविएजन वेबसाइट के जरिए संपर्क करें। ईयू के कानून के अंतर्गत आपको अपने व्यक्तिगत डेटा के प्रक्रमण के बारे में अपने देश के डेटा संरक्षण प्राधिकरणों से शिकायत करने का अधिकार भी है।